तीन महीने में तैयार कर ली जाए औद्योगिक नीति : नंदी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा है कि पीएम गति शक्ति के कार्यक्रमों को गंभीरता पूर्वक शीघ्रता से अमल कराया जाए। उन्होंने कहा कि तीन महीने में नई औद्योगिक नीति लाई जाए।

मंत्री ने औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास अरविंद कुमार ने चिल्ला परियोजना की लागत 800 करोड़ से बढ़कर एक हजार करोड़ हो जाने तथा पीडब्ल्यूडी द्वारा अपना शेयर ना देने के कारण लटकी परियोजना को पीएम गति शक्ति के अंदर लेने का प्रस्ताव रखा।